



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली बिहान की पहली मीटिंग

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित बिहान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े सभी सदस्यों की पहली बैठक ली। उन्होंने गोडम, छिंद, सालर जैसे क्लस्टर के कार्यों, बैंक खातों में जमा राशिए अब तक प्राप्त राशि के उपयोगए ऑडिटए क्या करने का प्लान आदि के संबंध में स्व सहायता समूह की महिलाओ और अधिकारियो से जानकारी ली। कलेक्टर ने अपेक्षा अनुरूप कार्य संतोषजनक नहीं होने पर कहा किए बिहान से आजीविकामूलक बड़े बड़े कार्य सामूहिक रूप से किए जा सकते हैं। सरकार से प्राप्त राशि का शत प्रतिशत उपयोग आजीविकामूलक कार्यों में किया जाना है। जो कार्य करना चाहते हो उसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उसके उत्पाद, ब्रांड, बाजार में मार्केटिंगए सप्लाई चैन, लेन.देन, टेक्नोलोजी का ज्ञान आदि बेसिक हुनर एक उद्यमी का सभी बिहान की महिलाओं के पास होनी चाहिए। कलेक्टर ने बिहान की स्वसहायता समूह महिलाओं को अल्टीमेटम देते हुए कहा किए जितना परफॉर्म किए वो काफ़ी नहीं है। इस क्षेत्र में काम अच्छा करो या किसी को अच्छा करने के लिए मौका दो। उन्होंने कहा कि इसी तरह का आदत रहा तो आपके सीएलएफ को कैंसिल कर नये ऊर्जावान महिलाओं को मौका देंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियो, प्रशिक्षणकर्मी और महिलाओं को कहा कि अपने कार्य में लगन के साथ मेहनत करें, टीम भावना आपस में होनी चाहिए। आजीविका मिशन के कार्यों में पति को नहीं जोड़ना है। सभी अपने काबिलियत पर कार्य करें।

### ग्राम करपी में आज धरती आबा शिविर

**सारंगढ़।** कर्मयोगी अभियान जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान और पीएम जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में धरती आबा का शिविर बरमकेला ब्लॉक के ग्राम करपी में 21 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषि एवं अन्य विभागों के फील्ड अधिकारी कर्मचारी, पटवारी, सरपंच, पंचायत सचिव, मितानिन, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल होंगे। इस दौरान सभी फील्ड अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग की जानकारी एवं सेवाएं देंगे।

### आज उच्चभिठी में होगा सुशासन शिविर

**सारंगढ़।** सुशासन तिहार शिविर सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम उच्चभिठी के हाईस्कूल परिसर में 21 मई को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 तक आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम कोसीर, भांठागांव, बटाउपाली अ, मुड़वाभांठा, पाट, सिलियारी, रींवापार, कुम्हारी, लेन्ध्रा, गाताडीह, चांटीपाली, मुड़पार बड़े, सिरोली, खम्हारडीह, साल्हे, बोरिदा, उच्चभिठी, कलमी, परसकोल शामिल हैं। शिविर में जिले के नागरिक अपनी मांग,सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं।

### जनजातीय कारीगर हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी कल

**सारंगढ़।** जनजातीय गरिमा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा जिला सारंगढ़. बिलाईगढ़ के जनजातीय कारीगरों के द्वारा हस्तनिर्मित हैंडीक्राफ्ट वस्तुओं के विक्रय एवं प्रदर्शनी हेतु मेला का आयोजन 22 मई को प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक साहू धर्मशाला परिसर बिलासपुर रोड़ सारंगढ़ में किया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के कारीगरों को अपने हस्तनिर्मित वस्तुओं के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु आयोजित मेले में आमंत्रित किया गया है। जनजातीय कारीगर को अपने साथ जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य है।

### रात में भी चल रही गर्म हवाएं, हीट वेव से बचने सावधानी बरतना जरूरी

# सावधानः 5 दिनों में भीषण गर्मी का अलर्ट तापमान 43 डिग्री के पार, जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। आगामी दिनों में करीब 1 से 2 डिग्री तक तापमान बढ़ने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। इस बीच रायगढ़ जिले का तापमान 43 डिग्री को पार कर गया। गर्मी का आलम यह है कि रात में भी गर्म हवाएं भीषण गर्मी का एहसास करा रही हैं, वहीं रात का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया।

बताया जा रहा है कि 4-5 दिनों में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। फिलहाल रायगढ़ जिले में गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। क्या दिन, क्या रात दोनों ही पहर गर्म हवाएं चल रही हैं, जो भीषण गर्मी का एहसास करा रही हैं। सुबह करीब 8 बजे से ही सूरज की किरणें शरीर को चूभ रही हैं, वहीं रात करीब 10 बजे तक गर्म हवाएं चल रही हैं। जिससे रात का तापमान भी 30-31 के बीच दर्ज किया गया है। इस बार पिछले कुछ वर्षों का रिकार्ड गर्मी ने तोड़ दिया है, कूलर व एसी भी फेल होते नजर आ रहे हैं। सुबह 11 और दोपहर 12 बजे तक तापमान 41 डिग्री तक पहुंच रहा है। शाम करीब 4 से 5 बजे तक 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से मौसम तेजी से बदल रहा है। बुधवार मौसम शुष्क रहा और इसी तरह के हालात आगामी चार से पांच तक बने रहने की बात कही जा रही है। शासन ने भी भीषण गर्मी की वजह से लोगों को सुबह करीब 11 बजे से शाम 4 बजे तक जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलने की अपील की है। दूसरी ओर इस भीषण गर्मी की वजह से घरों से बाहर निकलने वाले लोग गर्मी व लू से बचाने के लिए लोग गन्ना रस, लस्सी, आम पना आदि का सेवन करते नजर आ रहे हैं। जूस आदि की दुकानों में लोगों की भीड़ बढ़ गई है।



#### सावधानी बरतने की सलाह

मौसम विभाग ने आगामी 4-5 दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। बताया जा रहा है कि मध्य छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के हालात हैं जो कुछ दिनों तक इसी तरह बने रहेंगे। यही वजह है कि रात में गर्म हवाएं चल रही हैं और न्यूनतम तापमान 30-31 डिग्री में स्थित है।

#### लू की रहती है संभावनाएं, घर से जरूरी न हो तो न निकले

धूप की तपीश दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे हालातों में लू की संभावना बढ़ जाती है, इससे बचना जरूरी है। लू (हीटस्ट्रोक) तेज धूप और गर्म हवा की वजह से होती है। जिससे शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है और पसीना आना बंद हो जाता है। अचानक तेज बुखार और त्वचा लाल या सूखा हो जाता है। इससे बचने के लिए यदि जरूरी न हो तो घर से निकलना नहीं चाहिए। जरूरी कार्यों के लिए निकलना है तो पूरे शरीर को ढक कर निकलना चाहिए। बीते दो दिनों से धूप की तपीश बेतहासा बढ़ रही है। वाहन चलाते समय आंख में जलन हो रही है।

### अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** छाल पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कांसाबहार में शराब रेड कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक नासिर खान को सूचना मिली थी कि ग्राम कांसाबहार निवासी दिलीप चावले अपने घर के आंगन में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन पर उप निरीक्षक मदन पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान संदेही दिलीप चावले अपने आंगन में अवैध महुआ शराब के साथ मिला। पूछताछ में आरोपी ने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 15 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब तथा एक अन्य 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 5 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। कुल 20 लीटर अवैध महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत 4,000 रुपए है, जब्त की गई।

## जिले में दुर्लभ पांडुलिपियों की खोज तेज, ज्ञान भारतम में दर्ज होगी सूची

**रायगढ़।** जिले में प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण एवं सर्वेक्षण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारत राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत जिला प्रशासन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी हस्तलिखित सामग्री की खोज, सूचीबद्धकरण और डिजिटलीकरण के अभियान में जुटा हुआ है।

इसी कड़ी में ने शनिवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित साहित्यकार मीनकेतन प्रधान और डॉ. विद्या प्रधान के आवास पहुंचकर ताड़पत्रों पर ओड़िया लिपि में लिखित दुर्लभ भक्ति साहित्य का अवलोकन किया। सर्वेक्षण दल में हरिकेश्वर लकड़ा, निरंजन गुप्ता, गुरुदेव दास और जोहेब कादरी भी शामिल रहे। बताया गया कि यह दुर्लभ पांडुलिपियां ग्राम लिंजिर निवासी निर्भय गुप्ता से प्राप्त हुई हैं, जिन्हें संयुक्त संरक्षण में सुरक्षित रखा गया है। प्रशासन इन पांडुलिपियों को ऑनलाइन पोर्टल मं सूचीबद्ध कर रहा है ताकि देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित किया जा सके। डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में बिखरी हुई ऐतिहासिकए साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहरों को पहचानना और संरक्षित करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनके पास पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां हैंए वे प्रशासन को इसकी जानकारी दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल पांडुलिपियां संरक्षकों के पास ही रहेंगी, प्रशासन केवल उनका दस्तावेजीकरण और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करेगा। मीनकेतन प्रधान ने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक और तकनीकी युग में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी दुर्लभ सामग्रियों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने अपने श्विश्व हिन्दी अधिष्ठान कार्यालय में प्रकाशित पुस्तकों का सेट भी डिप्टी कलेक्टर को भेंट किया। प्रशासन द्वारा जिले के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों और उनके परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है। इनमें की हस्तलिखित प्रतियों का सर्वेक्षण उनके प्रपौत्र मनीष पांडेय के आवास में किया जा चुका है। इसके अलावा पंडित मुकुटधर पांडेय, बंशीधर पांडेय, शिवकुमार पांडेय, किशोरी मोहन त्रिपाठी, चिरंजीव दास समेत अनेक साहित्यकारों, शिक्षाविदों और संस्कृति कर्मियों से भी संपर्क जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल हस्तलिखित पांडुलिपियों को ही इस अभियान में शामिल किया जाएगा। चांदी, ताम्रपत्र, सिक्के या मुद्रित सामग्री को पांडुलिपि की श्रेणी में नहीं माना जाएगा।



## दवा दुकानें बंद हुई तो जन औषधि केन्द्र से मिली राहत, दिन भर लगी रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दवा विक्रेताओं ने अपनी दवा दुकानें बंद कर बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने शासन प्रशासन से ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर लगाम लगाने की मांग की। बुधवार को जिले के समस्त 750 दवा दुकानों के शटर बंद रहे, ऐसे जन औषधि केन्द्र और धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में लोगों की भीड़ नजर आई।

गौरतलब है कि कई ऑनलाइन प्लेटफार्म में तरह-तरह की दवाओं की बिक्री की जाती है। जिनमें कोई प्रमाणिकता नहीं होती, ना ही इसकी कोई मान्यता होती है। ऐसे में यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। कई बार लोगों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर कम कीमतों और विशेष छूट का ऑफर देकर अमानक दवा थमा दी जाती है। इसकी कोई निगरानी नहीं की जाती है। दवा विक्रेताओं की मानें तो कई ऑनलाइन कंपनियों द्वारा चिकित्सक की पर्ची के बिना ही दवाईयां उपलब्ध कराई जाती हैं। जिससे इंटीबायोटिक व अन्य संवदेनशील दवाओं का गलत इस्तेमाल किया जाता है। ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बिकने वाली दवाओं को लेकर लंबे समय से सरकार से शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यही वजह से ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर यह राष्ट्रव्यापी बंद का ऐलान किया। जिसके तहत बुधवार को एक दिन के लिए अपनी दुकानें बंद रखी और रामनिवास टॉकिज चौक में धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और इस मामले में शासन प्रशासन से फिर एक बार उचित कार्रवाई की मांग की। चुंकि शहर सहित जिले भर के मेडिकल स्टोर्स बंद थे, ऐसे सभी जन औषधि केंद्रों और धनवंतरी दवा दुकानों में काफी भीड़ नजर आई।







## वित्त मंत्री ने डॉयल-112 अत्याधुनिक आपातकालीन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन ने रायगढ़ जिले को डॉयल-112 फेज-2 नेक्स्ट जेन के तहत 16 अत्याधुनिक आपातकालीन वाहनों उपलब्ध कराया है। बुधवार की सुबह वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पुराना पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में जिले को मिले 16 आधुनिक आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब रायगढ़वासियों को किसी भी आपात स्थिति में तेज, सुरक्षित और प्रभावी सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

**खास बात**

- इन वाहनों में लगे हैं पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा, जीपीएस डिवाइस, मोबाइल डेटा टर्मिनल और स्मार्ट मोबाइल फोन जैसे अत्याधुनिक उपकरण

इस कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डायल-112 योजना का विस्तार कर जिले को 16 नए अत्याधुनिक इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि डायल-112 योजना 4 सितम्बर 2018 से राज्य के 16 जिलों में संचालित थी, जिसे अब छत्तीसगढ़ डॉयल-112 फेज-2 नेक्स्ट जेन के तहत प्रदेश के सभी 33 जिलों तक विस्तारित किया गया है। इस परियोजना का लोकार्पण 18 मई 2026 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया था। एसएसपी ने बताया कि फेज-2 के अंतर्गत पूरे प्रदेश में कुल 400 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल तैनात किए गए हैं, जिनमें से रायगढ़ जिले को 16 ईआरवी वाहन आबंटित हुए हैं। इन आधुनिक वाहनों में पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा, जीपीएस डिवाइस, मोबाइल डेटा टर्मिनल और स्मार्ट मोबाइल फोन जैसे अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे घटनास्थल पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक बताते हुए कहा कि कैबिनेट के बड़े निर्णयों का परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पुलिस को कानून व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिलेगी, साथ ही पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सीजी डॉयल-112 के आधुनिक इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, एडिशनल एसपी अनिल सोनी, सभापति डिग्रीलाल साहू, नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया सहित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।




#### एक ही वाहन से कई सेवाएं

इस एकीकृत व्यवस्था के माध्यम से पुलिस, चिकित्सा सेवा, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन तथा नेशनल हाईवे सेवाओं को आपातकालीन नंबर 112 से जोड़ा गया है, जिससे नागरिकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संपूर्ण प्रणाली के संचालन हेतु रायपुर में अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सी-4 स्थापित किया गया है।

#### पुलिस जिम का किया लोकार्पण

इसके बाद वित्तमंत्री ओपी चौधरी उर्दना पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए बनाए गए जिम का लोकार्पण किया। इस दौरान रिबन काट कर जिम का शुभारंभ किया और भगवान हनुमान जी के छायाचित्र पर पूजा—अर्चना की। वित्तमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जीवनशैली को देखते हुए वेलनेस और फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटे व्यायाम करने की सलाह भी दी।

## महिला से अश्लील हरकत और जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला थाना पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी करने और जान से मारने की धमकी देने वाले 65 साल वर्षीय को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने बीते दिनों ग्राम पतरापाली कोतरलिया निवासी माधो घोष उर्फ माधव यादव 65 वर्ष के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 18 मई की सुबह वह अपने पति को खोजते हुए आरोपी माधव यादव के दुकान के पास पहुंची थी। इस दौरान आरोपी ने महिला को बैठाकर उसके पति को फोन से बुलाने की बात कही। कुछ देर बाद आरोपी ने बाहर का गेट बंद कर महिला को गलत नियत से पकड़कर अंदर ले जाने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़िता किसी तरह से वहां से भाग निकली, लेकिन आरोपी ने महिला को इस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने तक की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने घर पहुंच कर इस घटना की जानकारी अपने पति सहित परिजनों को दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी माधो घोष उर्फ माधव यादव पिता बलराम यादव निवासी कोतरलिया के विरुद्ध धारा 74, 75(1)(i), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।







**खबर संक्षेप**

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के लिए कार्यशाला का आयोजन



**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा 19 मई को वार्ड निगम सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों, कचरा पृथक्करण की अनिवार्यता तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में बताया गया कि पहले मुख्य ध्यान केवल कचरा उठाकर शहर से बाहर ले जाने पर केंद्रित थाए लेकिन अब यह स्पष्ट हो चुका है कि यदि कचरा उसके उत्पन्न होने वाले स्थान पर अलग अलग नहीं किया जाएगा तो उसका प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण प्रभावी रूप से संभव नहीं हो पाएगा।

### एकताल का अमृत सरोवर, बनेगा जल संरक्षण का आधार, बढ़ेगा भू-जल स्तर



**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत एकताल में मनरेगा योजना अंतर्गत अमृत सरोवर निर्माण एवं गहरीकरण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने, भू जल स्तर सुधारने तथा किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण परियोजना संचालित की जा रही है। लगभग 19.987 लाख की लागत से निर्मित हो रहे इस अमृत सरोवर को ग्रामीण विकास एवं जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रशासनिक स्वीकृति मार्च 2025 में मिलने के बाद कार्य प्रारंभ किया गया था और वर्तमान में निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। करीब 1.85 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस सरोवर में खुदाई, गहरीकरण एवं संरचनात्मक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। निर्माण पूर्ण होने के बाद इसकी जलधारण क्षमता लगभग 31, 371 घन मीटर होगी, जिससे वर्षा जल का बड़े पैमाने पर संचयन संभव हो सकेगा। इससे क्षेत्र में भू जल स्तर में सुधार आएगा और गर्मी के मौसम में जल संकट की समस्या काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

### कलिबा और भेलवां में सुशासन तिहार शिविर आज

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में "सुशासन तिहार 2026" के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 मई को कुनकुरी जनपद के ग्राम कलिबा और फरसाबहार जनपद के भेलवां में शिविर लगाए जाएंगे। कलिबा शिविर में कलिबा, घटमुडा, कुरकुंगा, रजौटी, ढोढ़ीडांड, जोकबहला, गिनाबहार, बनकोम्बो, मटासी, गोरिया, चराईखारा, बेहराखार, पकरीकछार, हेठकापा, केराडीह और जामचुआं के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार भेलवा के शिविर में भेलवा, तुमला, जामटोली, अंबा कछार, डोंगा दरहा, डुमरिया, गंझियाडीह, जोरण्डाझरिया, कोल्हेनझरिया, कुल्हारबुडा, कुम्हार बहार, माटीपहाड छर्रा, महुवाडीह, सागजोर एवं हथीबेड के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान हो सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने शिविरों के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## एक घंटे के भीतर दो सनसनीखेज वारदातों से जिले में सनसनी

# दोस्त को मारा चाकू, राह चलते नाबालिग को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में शनिवार दोपहर एक सिरफिरे युवक ने महज एक घंटे के भीतर दो सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी।

■ आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त चाकू व बाइक जब्त

पहले उसने अपने दोस्त को शराब पीने के बहाने सुनसान इलाके में ले जाकर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद राह से गुजर रहे 15 वर्षीय नाबालिग को बेरहमी से जमीन पर पटककर हाथ, मुक्के और लात से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मामला थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र के ग्राम कोमडो और भागलपुर बरटोली का है।



### शराब पीने के बहाने दोस्त को ले गया

पुलिस के मुताबिक 17 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे आरोपी सचिन राम अपने परिचित सूरज रजक को यह कहकर बाइक में बैठाकर ले गया कि, चलो शराब पीकर आते हैं। दोनों ग्राम कोमडो पहुंचे। वहां मंदिर के पास अचानक आरोपी का व्यवहार बदल गया। उसने कहा, मेरा लड़ने का मन कर रहा है, चलो लड़ते हैं। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने पास रखे चाकू से सूरज रजक की पीठ और माथे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सूरज घबरा गया। उसने किसी तरह आरोपी से चाकू छीनने की कोशिश की।

### एक घंटे बाद नाबालिग को बनाया शिकार

पहली घटना के करीब एक घंटे बाद आरोपी ने दूसरी वारदात को अंजाम दिया। दोपहर करीब 2:30 बजे 15 वर्षीय कृष्णा भगत बाकी नाला स्थित धोबी घाट की ओर नहाने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी सचिन राम ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि, दोनों के बीच कोई विवाद भी नहीं था, लेकिन आरोपी ने अचानक किशोर को जमीन पर पटक दिया और बेरहमी से हाथ, मुक्के और लात से मारपीट शुरू कर दी। हमले में किशोर के चेहरे, गले और कनपटी पर गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, आरोपी मौके से भाग निकला। परिजन गंभीर हालत में कृष्णा भगत को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम और आक्रोश का माहौल बन गया।

### आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

घटना की सूचना मिलते ही जशपुर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस टीम ने दोनों घटनास्थलों का निरीक्षण किया। मृतक किशोर के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया गया, वहीं घायल सूरज रजक का मेडिकल परीक्षण कर उपचार शुरू कराया गया। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भागलपुर क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने दोनों वारदातों को स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### मामले की विस्तृत जांच जारी

हत्या और चाकूबाजी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी।

-डॉ लाल उमेद सिंह, एसपी

## महिला सुरक्षा हेतु नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी: प्रियंवदा




**जशपुरनगर।** महिलाओं को यौन हिंसा से सुरक्षित करते हुए उन्हें कानूनी संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए श्रीनगर में तीन दिवसीय शक्ति संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों की महिला आयोग के अध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए। छत्तीसगढ़ से राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय साइंस और टेक्नोलाजी मंत्री जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में महिलाओं को रोजमर्रा के काम के दौरान आने वाली कठिनाइयों को बताते हुए, इससे निबटने और इसके कानूनी उपचार के बारे में विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि जब तक जिम्मेदार लोगों को महिला संरक्षण के लिए बनाएं गए कानूनों की जानकारी नहीं होगी, तब तक ये कानून प्रभावी नहीं हो सकती।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी प्रियंवदा सिंह जूदेव ने कहा कि, शक्ति संवाद कार्यक्रम में बहुत ही उपयोगी जानकारी मिली है। अब इस जानकारी के आधार पर जशपुर जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होनें कहा, महिला सुरक्षा और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाना केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे उपर है। उन्होनें कहा, जल्द ही जिले के एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह से मुलाकात कर, महिला सुरक्षा पर रणनीति बनाई जाएगी।

## मानवता शर्मशार, मुक्तिधाम में चोरों का आतंक

**कोतबा।** कोतबा नगर में एक ऐसी ही बेहद शर्मनाक और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसने संवेदनशीलता और इंसानियत दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित

■ चिता सजाने वाले लोहे व खिड़की-दरवाजे तक गायब

एकमात्र मुक्ति धाम से चोरों ने ऐसी-ऐसी चीजें चुरा ली हैं, जिसके बारे में सुनकर हर कोई हैरान है। मौके से ली गई तस्वीरों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने इंसान के अंतिम सफर में काम आने वाली बुनियादी चीजों को भी नहीं बख्शा है और श्मशान घाट को खंडहर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शवों की चिता को व्यवस्थित रूप से सजाने और जलाने के लिए लगाए गए लोहे के भारी गैटर ही चोरों ने उखाड़ लिए हैं। इसके बिना मृतकों के परिजनों को चिता सजाने में भारी मशक्कत और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





### क्या कहती है पुलिस

इस अमानवीय कृत्य के पीछे किसका हाथ हो सकता है, इस विषय में चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव ने बताया कि, नगर पंचायत की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है, और मामले की सघनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह किसी पेशेवर गिरोह के बजाय नशे की गिरफ्त में पड़े बदमाशों या नशेड़ियों की हरकत लग रही है, जो अपने नशे की लत पूरी करने के लिए कबाड़ में लोहा बेच देते हैं। पुलिस हर संभावित एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। मुक्तिधाम जैसे पवित्र और संवेदनशील स्थान पर चोरी होना केवल एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में गिरते नैतिक मूल्यों और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का एक डरावना सच है। नगरवासियों की प्रशासन से मांग है कि, पुलिस जल्द से जल्द इन अज्ञात चोरों को सलाखों के पीछे डाले और यहां सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की अमानवीय घटनाओं पर लगाम लग सके और दिवंगतों के इस अंतिम विश्राम स्थल की गरिमा बनी रहे।

## जशपुर विस लगातार विकास के नए आयाम गढ़ रहा: रायमुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई उड़ान देते हुए विधायक रायमुनी भगत जी ने बुधवार 20 मई को सन्ना कॉलेज, भुरसा कोना रोड, पंडर टोली रोड एवं अकरी कोना रोड का भव्य भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। वर्षों से बेहतर सड़क की मांग कर रहे ग्रामीणों में इस अवसर पर भारी उत्साह देखने को मिला।

■ विधायक रायमुनि ने किया चार सड़कों का भूमिपूजन

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जशपुर विधानसभा लगातार विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।



सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर रामप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार राय, शम्भू नाथ चक्रवर्ती, मुकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, शरद चौरसिया, मुकेश सोनी, आशू राय, सुरेन्द्र गुप्ता, बेणुधर यादव, मंगल राम भगत, नशरुला सिल्की, काजल राय, आनंद यादव, बलवंत गुप्ता, जितेन्द्र ताम्रकार, गुलाब यादव, इलीयास अंसारी, मनोज भगत, गुड्डू अंसारी, राजेश भगत, राजेन्द्र भगत, रुपावती कोरवा, सुमित्रा भगत, रामवृक्ष भगत, सविता गुप्ता, विशुनदेव यादव, अमृत बुनकर, प्रमिता भगत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा आज, परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना जरुरी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 2 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 584 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी।

परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन अवश्य कर लें, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा, जिससे फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा तथा उन्हें सामान्य समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित रहेगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्सए पाउच, स्कार्फ, बेल्ट एवं टोपी सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

■ परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार

प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट आउट और प्रत्येक पेज के एक तरफ प्रिंट आउट लाना अनिवार्य होगा। क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी। साथ ही मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा आधार कार्ड जैसे फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र साथ लाना होगा। फोटो कॉपी अथवा डिजिटल माध्यम में सुरक्षित पहचान पत्र मान्य नहीं होंगे। यदि प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं हो, तो अभ्यर्थी दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचे। परीक्षा में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है।

### सहकारी समिति में किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**जशपुरनगर।** कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। अद्यतन स्थिति में सहकारी समितियों में यूरिया 3762.840 मे.टन.एन.पी.के. 973.550 मे.टन डीएपी 1954.950 मे.टन.सु.फा. 245.950 मे.टन, व म्यूरेट आफ पोटाश 525.300 मे.टन. कुल 7462.590 मे.टन. रासायनिक खाद उपलब्ध है। इसी तरह डबल लाक केन्द्रों में यूरिया 1671.39 मे.टन.एन.पी. के. 225.5 मे.टन. डीएपी 872.650 मे.टन. सु.फा. 24.750 मे.टन. व म्यूरेट आफ पोटाश 68.25 मे.टन कुल 2862.54 मे.टन. रासायनिक खाद संग्रहण केन्द्रों में उपलब्ध है।

### हर मंगलवार को बनेंगे दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी कार्ड व नवीनीकरण का कार्य अब प्रत्येक मंगलवार को जिला अस्पताल जशपुर में किया जाएगा। जिला अस्पताल के रूम नंबर 11 में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

## हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान जरुरी, एनआरसी बच्चों की सतत मॉनिटरिंग पर भी दिया जा रहा जोर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं महिला बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर एवं सरलता से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी पात्र मरीजों को बेहतर एवं समय पर उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने सभी सूचीबद्ध स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से सुदूर वनांचल क्षेत्रों लैलूंगा एवं



धरमजयगढ़ में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान एवं नियमित स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए ताकि गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी की समीक्षा के दौरान कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के बाद भी उनकी नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के पालकों से सतत संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य निरंतर बेहतर बना रहे।

### कुपोषण मुक्ति पर भी चर्चा

यूनिसेफ के सहयोग से कुपोषण मुक्ति के लिए कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, एएनसी एवं प्रसव सेवाएंए पूर्ण टीकाकरण, चिरायु कार्यक्रम, टीबी नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम, एकीकृत रोग निगरानी, सिकल सेल नियंत्रण एवं एनसीडी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

## इमरजेंसी रिस्पांस का नया दौर शुरू, एक कॉल पर पहुंचेगी मदद

# अब गांवों में भी मिलेगी शहरों की तरह त्वरित पुलिस सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अब जशपुर जिले में हादसा, अपराध, मेडिकल इमरजेंसी या महिलाओं-बच्चों से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए अलग-अलग नंबर याद रखने की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ एक कॉल और मदद सीधे मौके पर पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस की बहुप्रतीक्षित डायल-112 फेस 2 नेक्स्ट जेन सेवा का बुधवार को पुलिस लाइन जशपुर में भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में जिले को मिले 11 अत्याधुनिक इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल और 2 हाइवे पेट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस नई व्यवस्था के साथ जशपुर जिले में पुलिसिंग व आपातकालीन सेवाओं की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।




**एक नंबर हर संकट में मदद:** डायल-112 फेस-2 नेक्स्ट जेन सेवा "एक्के नंबर सब्बो बर" की अवधारणा पर आधारित है। यानि पुलिस सहायता, मेडिकल इमरजेंसी, महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा सहायता और हाईवे इमरजेंसी जैसी सभी सेवाएं अब एक ही नंबर से जुड़ गई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अब किसी भी नागरिक को संकट की स्थिति में केवल 112 डायल करना होगा। इसके बाद कंट्रोल सेंटर से निकटतम इमरजेंसी वाहन को तत्काल रवाना किया जाएगा। जिले को मिले नए ईआरवी और हाईवे पेट्रोल वाहन आधुनिक तकनीक से पूरी तरह सुसज्जित हैं। इनमें जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, रियल टाइम मॉनिटरिंग, मोबाइल डेटा टर्मिनल, वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम, डैश कैम और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं।

### ग्रामीण इलाकों को मिलेगा सबसे बड़ा फायदा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोमती साय ने कहा कि, जशपुर जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों वाले जिले में यह सेवा लोगों के लिए बेहद राहतभरी साबित होगी। उन्होंने कहा कि, अब गांवों में रहने वाले लोगों को भी शहरों की तरह त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, यह योजना महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को मजबूत करेगी और पुलिस व जनता के बीच विश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि डायल-112 सेवा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि, यह केवल पुलिस सेवा नहीं बल्कि सुशासन और जनसुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, जशपुर जैसे भौगोलिक रूप से विस्तृत जिले में यह व्यवस्था कई बार लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि डायल-112 केवल हेल्पलाइन नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास से जुड़ी व्यवस्था है। जिला पुलिस का उद्देश्य हर नागरिक तक समयबद्ध, संवेदनशील और प्रभावी सहायता पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि राज्य और जिला स्तर पर बनाए गए आधुनिक कमांड एवं कंट्रोल सेंटर 24 घंटे सातों दिन सक्रिय रहेंगे।

## गुड़ु में धनु पूजा और रामलीला में कुम्भकर्ण, बज्रनाग संवाद का मंचन

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय से महज 2 किमी दूर स्थित ग्राम गुड़ु में ऐतिहासिक धनुपूजा के साथ किसी एक संवाद का रामलीला मंचन करने की परंपरा रही है। इसी कड़ी में पुसौर का रामलीला संपन्न होने के बाद ग्राम गुड़ु में अपरान्ह धनुपूजा का आयोजन हुआ। वहीं रात 9 बजे से कुम्भकर्ण एवं बज्रनाग संवाद का मंचन हुआ।

लगभग 6 बजे पुसौर के उक्त रामलीला टीम ग्राम गुड़ु पहुंचे जहां उनका सर्वप्रथम उनका भव्य स्वागत किया गया इसके बाद धनु पुजा हुआ। कुम्भकर्ण संवाद प्रारंभ में कुम्भकर्ण का रोल प्ले करने वाले नगर उपाध्यक्ष उमेश साव की भाव भंगिमा इस कदर रही कि समूचे ग्राम गुड़ु के दर्शक दीर्घा ने तालियों के गड़गडाहट से इसका आनंद उठाया



वहीं बच्चों के हंसी का ठिकाना न रहा। कुम्भकर्ण संवाद सोए हुए कुम्भकर्ण को जगाने से प्रारंभ होता है, सोये हुए कुम्भकर्ण को जगाने में जिस तरह की गतिवधि अपनाई जाती है वह दर्शक दीर्घा के ध्यानाकर्षण का केन्द्र बनता है चूंकि कुम्भकर्ण को जगाने के लिए असुरगण ढोल मजीरा बजाने और बिस्तर को हिलाने का प्रयास करते हैं। रावण रोल प्ले करने वाले पीताम्बर गुरूजी और कुम्भकर्ण का आपसी कथोन कथन लोगों को लुभाने के लिए काफी रही।



# 19 साल बाद पुराने डायरेक्टर संग कमबैक करेंगे अजय

**नई दिल्ली।** 19 साल बाद अजय देवगन इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्ममेकर अभिनव सिन्हा संग वापसी करने जा रहा है। जिनके साथ साल 2007 में प्रदर्शित फिल्म कैश में अजय देवगन, सुनील शेट्टी, एशा देओल, रितेश देशमुख और जायद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था। अब खबरें हैं कि अजय और अनुभव करीब 19 साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। अनुभव के निर्देशन में अजय एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म कैश के बाद अजय और अनुभव दोनों ने अलग-अलग जानरों की फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में हिट भी रहीं।

## लाइफ Style



# सबा
## स्कूलों में पारिवारिक शिक्षा होनी चाहिए जरूरी

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद अपनी अपकमिंग सीरीज 'हू इज योर गाइनैक?' सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 22 मई को रिलीज होने वाली है। इससे पहले सबा आजाद ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबा ने स्कूलों में यौन शिक्षा को जरूरी करने पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यौन शिक्षा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद कर सकती है। बातचीत में सबा आजाद ने कहा 'मुझे लगता है कि स्कूलों में यौन शिक्षा जरूरी होनी चाहिए। सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में ही नहीं, बल्कि सभी स्कूलों में। क्योंकि, यौन शिक्षा से दिमाग खराब नहीं होता, बल्कि इससे जानकारी मिलती है। आप कुछ भी कह लें, अगर कोई बच्चा जानकारी के साथ बड़ा होता है, तो वह सही फैसले लेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि यह जानकारी सभी को दी जाए।' उन्होंने कहा इसे देश भर के हर स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सबा ने आगे कहा 'मुझे लगता है कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम आम तौर पर कमजोर पड़ जाते हैं। हम न तो इस बारे में बात करते हैं और न ही इस पर शोध करते हैं। 2026 से, हमने आखिरकार महिलाओं पर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। पहले, हम पुरुषों पर रिसर्च करते थे और उसे ही महिलाओं पर भी लागू कर देते थे।' जब सबा से पूछा गया कि उन्होंने इस सीरीज में स्त्री रोग विशेषज्ञ के अपने रोल के लिए कैसे तैयारी की।

## हॉलीवुड मसाला



# कार में साथ थे जैकब-केंडल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर को डेटिंग रूमर्स के बीच एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया है। दोनों को लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ कार में देखा गया। जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर की डेटिंग की अफवाहें काफी वक्त से उड़ रही हैं। दोनों को कई बार साथ चिल करते देखा जा चुका है। एक बार फिर जैकब और केंडल लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ देर रात कार में घूमते देखे गए।




# माइकल ने कमाई से हिलाया इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म माइकल की रिलीज को जल्द ही एक महीने का सफर पूरा होने जा रहा है। पॉप स्टार माइकल जैक्सन की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। कमाई के मामले में इस फिल्म ने दुनियाभर में धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है और इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। 7 हजार करोड़ के जादुई आंकड़े की करीब पहुंचने वाली माइकल ने इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमा ली है। अब तक ये मूवी पूरी दुनिया में करीब 6 हजार 742 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। जल्द ही माइकल 7000 करोड़ का आंकड़ा पार करती हुई नजर आएगी, जोकि अपने आप में एक बड़ा कमाई का आंकड़ा है, जिस तक पहुंचना अच्छी-अच्छी फिल्मों का सपना होता है।



# सेंसर बोर्ड को रास नहीं आया होंठ चूमना

**मुंबई।** हमारे देश की सेंसर बोर्ड यानी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड भी कमाल है। इसे फिल्मों में मार-काट, खून खराबा, कटे हुए सिर से फुटबॉल खेलना, मां-बहन की गालियां, दंगों के सीन में किसी को जिंदा जला देने जैसे विजुअल से तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन पर्दे पर जब दो जवां दिल लबों से लब टकराते हैं, तो बोर्ड के नाक-भौं सिकुड़ जाते हैं। जी हां, यकीन ना आए तो 'चांद मेरा दिल' का ही उदाहरण ले लीजिए। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी के रोमांटिक सीन्स थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, लिहाजा इसमें खूनी खेल तो होगा नहीं, दो प्रेमी लबों से लब टकरा रहे थे। लेकिन, सेंसर बोर्ड ने इस पर कैंची चला दी है, जाहिर है रिव्यू कमिटी को लगा होगा कि ये वो सीन्स हैं, जिससे देश के युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। वाजिब भी है।



# मैं वापस आऊंगा का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली एक बार फिर प्यार, यादों और तड़प की दुनिया में गहराई से उतरते नजर आते हैं। दिल को छू लेने वाले रोमांटिक ड्रामा बनाने के लिए मशहूर इम्तियाज अली ने इस इमोशनल फिल्म के साथ अपनी खास कहानी कहने के अंदाज को फिर से जिंदा किया है। पूरे ट्रेलर में आपको केवल यही लगेगा कि अब आगे क्या! दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शर्वरी वाघ की इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को रोमांस, दिल टूटने, पुरानी यादों और जुदाई से भरी एक कहानी की झलक देता है। बिरला स्टूडियोज, अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स की बनाई यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला



# प्रेम को मौत के मुंह से खींच लाई अनुपमा

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा'में एक बार फिर रिश्तों, इमोशंस और ड्रामे का बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। आने वाले एपिसोड में हालात ऐसे बन जाएंगे कि अनुपमा को प्रेम की जान बचाने के लिए खुद को खतरे में डालना पड़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ दिग्विजय और अनुपमा की बढ़ती नजदीकियां भी सभी का ध्यान खींच रही हैं। शो में एक साथ कई इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिनकी वजह से कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। एपिसोड की शुरुआत में अनुपमा अपने कैफे के बाहर मेन्यू लिखती नजर आएगी। तभी वहां प्रेरणा आएगी और उसे कैफे की अच्छी सेल के लिए बधाई देगी।. अनुपमा भी उसे और प्रेम को उनके कैफे के लिए शुभकामनाएं देगी। लेकिन. बातचीत के दौरान अनुपमा को महसूस होगा कि प्रेरणा अंदर से काफी दुखी है। दरअसल, श्रुति ने उसे पार्टनरशिप से अलग कर दिया है और अब वह सिर्फ वहां काम कर रही है। प्रेरणा की मायूसी देखकर अनुपमा समझ जाएगी कि जरूर कुछ गलत हुआ है। वट सावित्री पूजा के दौरान कोठारी और शाह परिवार साथ नजर आएंगे। इसी बीच मोहल्ले की कुछ महिलाएं अनुपमा और दिग्विजय के रिश्ते को लेकर बातें बनाना शुरू कर देंगी। वह लीला से सवाल करेंगी कि क्या दिग्विजय अब वनराज की जगह लेने वाला है। यह सुनकर राही भड़क जाएगी और उन महिलाओं को जवाब देगी. हालांकि जाते-जाते महिलाएं राही को भी ताना मार जाएंगी, जिसके बाद वह लीला पर गुस्सा करेगी।

### सैयारा से सीरियल सैराब की तुलना

पिछले साल मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जबरदस्त हिट हुई और लोगों का भरपूर प्यार बटोरते हुए अहान पांडे और अनीत पड्डा रातोंरात स्टार बन गए। हाल ही में नए सीरियल के मेकर्स ने अपने आगामी शो 'सैराब'



का एआई-जनरेटेड प्रोमो जारी किया और फैंस इसकी तुलना 'सैयारा' से करने से खुद को रोक नहीं पाए। कई लोगों को तो यह भी लगा कि सीरियल का लीड रोल अहान पांडे के किरदार कृष कपूर से मिलता-जुलता है। प्रोमो में लीड एक्टर को एक रॉकस्टार के रोल में दिखाया गया है जो हाथ में गिटार लिए मंच पर परफॉर्म कर रहा है और दर्शक उसके लिए जोरदार तालियां बजा रहे हैं। वहीं, पीली साड़ी पहने लीड एक्ट्रेस मंच के पीछे से उसे देख रही है, लेकिन जब वह उसे रोकने की कोशिश करता है तो वह दूर से चली जाती है। हालांकि एक्टर्स के चेहरे नहीं दिखाए गए, लेकिन ऑनलाइन लोगों के बीच तुरंत इसकी तुलना 'सैयारा' से होने लगी। एक कमेंट में लिखा था, 'हीरो सैयारा के कृष कपूर जैसे लग रहे हैं।


# हिरानी ने किया पहली वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो का ऐलान

**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ऐलान कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का एक खास पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में दो लड़के पीठ दिखाकर खड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म की स्टार कास्ट से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। यह सीराज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। 'प्रीतम एंड पेड्रो' एक साइबर-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। राजकुमार हिरानी 'प्रीतम एंड पेड्रो'नाम की वेब सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में कथित तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य (साइबर पुलिस) भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित आखिरी फिल्म का नाम 'डंकी' (Dunki) है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राजकुमार हिरानी ने 'डंकी' की सफलता के बाद ओटीटी की दुनिया में सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से कदम रखा है।



# मिलाप ला रहे नई रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं', अमन करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत'जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।'इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं, क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं'के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।





## इस घटना के बाद सरोज ने फिर कभी करिश्मा के साथ नहीं किया काम

# सेट पर जब आपा खो बैठीं करिश्मा, डांसर को कह दिया इडियट

*नई दिल्ली। सरोज खान अपने सख्त स्वभाव और अनुशासन के लिए जानी जाती थीं। सेट पर अगर कोई उनकी टीम के साथ गलत व्यवहार करता, तो वह तुरंत सामने वाले को रोक देती थीं। एक बार शूटिंग के दौरान हुए हादसे के बाद करिश्मा कपूर अपना आपा खो बैठीं। गुस्से में उन्होंने डांसर को 'इडियट'कह दिया। यह बात सरोज खान को बिल्कुल पसंद नहीं आई। उन्होंने लोलो को टोका इस घटना के बाद सरोज खान ने फिर कभी करिश्मा कपूर के साथ काम नहीं किया।*

### करिश्मा ने स्वीकारी चुनौती

उन दिनों माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की 'डांसिंग क्वीन' थीं। उनके सामने कोई भी एक्ट्रेस डांस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। जब यश चोपड़ा 1997 में 'दिल तो पागल है' बना रहे थे तो उन्हें एक ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो माधुरी के सामने पर्दे पर डांस कर सके। लेकिन, उस दौर की तमाम बड़ी हीरोइनों ने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्हें डर था कि माधुरी की तुलना में उनका डांस फीका पड़ जाएगा। लेकिन, करिश्मा कपूर ने बिना एक पल सोचे यह चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया और अपने कॅरियर का बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया।



### शूटिंग के दौरान टूट गई डाली

फिल्म के गाने आज भी दिलों की धड़कन है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसी करिश्मा ने बाद में माधुरी की गुरु सरोज खान से झगड़ा कर लिया था, जिसके बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया? हाल ही में, सरोज खान के साथ काम कर चुकी डांसर रुबीना खान ने बॉलीवुड ठिकाना को एक रोचक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक बार करिश्मा कपूर एक गाने की शूटिंग कर रही थीं, जिसकी कोरियोग्राफी सरोज खान ने की थी। गाने के एक सीक्वेंस में पेड़ पर लड़के-लड़कियां छिपे हुए थे। शूटिंग के दौरान अचानक एक डाली टूट गई और ऊपर छिपा एक लड़का सीधे करिश्मा पर गिर पड़ा। करिश्मा इतनी गुस्सा हुईं कि उन्होंने उस लड़के को 'बेवकूफ' कहकर गालियां देने शुरू कर दीं।

### शूटिंग बीच में ही छोड़ दी

सरोज खान अपनी टीम की बहुत रक्षा करती थीं। उन्होंने तुरंत बीच-बचाव करते हुए कहा कि लड़के ने जानबूझकर नहीं किया था और वह माफी भी मांग चुका था। लेकिन, करिश्मा मानने को तैयार नहीं हुईं। उन्होंने शूटिंग बीच में ही छोड़ दी और सेट से चली गईं। रुबीना बताती हैं, 'इस घटना के बाद सरोज खान ने करिश्मा के साथ कभी काम नहीं किया।' हालांकि, दोनों में से किसी ने भी सार्वजनिक तौर पर इस विवाद पर खुलकर बात नहीं की।

### सरोज को भावुक अंदाज में किया था याद

दिलचस्प बात यह है कि साल 2020 में सरोज खान के निधन के बाद करिश्मा कपूर ने उन्हें भावुक अंदाज में याद किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर सरोज खान के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की और लिखा, 'सत्यम हॉल में आपके साथ बिताए वो लंबे घंटे और डांस-एक्सप्रेशन सीखना कभी नहीं भूल सकती। आपकी सीख मुझे बहुत आगे तक लेकर गई.' करिश्मा ने पोस्ट में सरोज खान को अपना 'मास्टर', 'टीचर' और 'डांस गुरु' भी बताया था।

## खबर संक्षेप



### 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में जनसेवा एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज महत्वपूर्ण पहल की गई। सारंगढ़, बिलाईगढ़ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, कलेक्टर पद्मिनी साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर 112 नंबर जनसेवा वाहन को रवाना किया गया।

### दर्री शिविर में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**रायगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत खरसिया ब्लॉक के ग्राम दर्री में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खरसिया राजकुमारी राठिया द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज को प्रभावित करता है, इसलिए सभी को मिलकर नशामुक्त समाज निर्माण के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में एसडीएम खरसिया, तहसीलदार खरसिया, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों सहित कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग रायगढ़ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में मौजूद ग्रामीणों एवं युवाओं ने नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। सुशासन तिहार शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। लाभान्वित हितग्राहियों में रामदयाल राठिया, रामाधीन राठिया एवं श्रीमती तीजमती राठिया, निवासी ग्राम दर्री को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई।

### ओड़िशा प्रांत की बीयर और व्हिस्की जब्त



**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओड़िशा प्रांत की शराब सहित कुल 96.580 लीटर अवैध मदिरा जब्त की है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मई को श्रीमती रागिनी पटेल, आबकारी उप निरीक्षक वृत्त घरघोड़ा एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम सिहारधार में आरोपी के रहवासी मकान पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी नुक सिंह भगत पिता ननकीराम भगत, 36, निवासी सिहारधार के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान 122 बोतल उड़ीसा प्रांत की किंग फिशर स्ट्रॉन्ग बीयर कुल 79.300 लीटर, 48 पाव ओड़िशा प्रांत की ऑफिसर च्वॉईस व्हिस्की कुल 8.640 लीटर एवं 48 पाव छत्तीसगढ़ निर्मित देशी प्लेन शराब कुल 8.640 लीटर जब्त की गई। इस प्रकार कुल 96.580 लीटर शराब बरामद कर जब्त की गई।

## निधन...

### रोशनलाल देवांगन



**रायगढ़।** कोसा बुनकर संघ व देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष रोशनलाल देवांगन उम्र 71 वर्ष निवासी नया गंज कोष्टा पारा समलेश्वरी मंदिर के पास का निधन आज 20 मई दिन बुधवार को सुबह 3 बजे के आसपास उनके रायगढ़ निवास स्थान पर निधन हो गया है। देवेश देवांगन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार सर्किट हाउस मुक्ति धाम में किया गया।

---

### वित्त मंत्री ने निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

# शहर को आधुनिक और जनसुविधाओं से समृद्ध बनाने हो रहा प्रयास : ओपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि रायगढ़ शहर को सुव्यवस्थित, आधुनिक और जनसुविधाओं से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में अधोसंरचना विस्तार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुविधाओं और युवाओं के लिए बेहतर अवसरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28 में विधायक मद से लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित साहू समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक भवन समाजों के लिए सामूहिक गतिविधियों, बैठकों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं सामाजिक समन्वय का महत्वपूर्ण केंद्र बनते हैं। ऐसे भवनों से समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाजों के लिए आवश्यक सामाजिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि समाज के लोग अपने कार्यक्रमों का संचालन सुविधाजनक ढंग से कर सकें। उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और उपयोगिता को प्राथमिकता दी जा रही है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने साहू समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया और कर ले प्रभु से प्रीति नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

#### बाल उद्यान के जीर्णोद्धार से मिलेगा बेहतर माहौल

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 21 श्रीराम कॉलोनी में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से लगभग 46 लाख रुपए की लागत से होने वाले बाल उद्यान जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत लैंडस्केपिंग, पौधरोपण, मुख्य द्वार, बाउंड्रीवाल, विद्युतीकरण, प्ले इक्विपमेंट, बेंच एवं अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यान विकसित होने से क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर में हरित क्षेत्र बढ़ने से पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### नाली निर्माण से बेहतर होगी जल निकासी

इस अवसर पर रायगढ़ स्टेडियम के पीछे से श्रीराम कॉलोनी मोड़ तक लगभग 37.88 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। लगभग 580 मीटर लंबे इस नाली के निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहर के कई क्षेत्रों में जल निकासी और अधोसंरचना से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मालीडीपा, बेलादूला एवं आसपास के क्षेत्रों में भी जल निकासी व्यवस्था मजबूत करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

---



## पीएम आवास और मनरेगा कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति, लंबित कार्यों तथा जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने योजनाओं की समीक्षा कर पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला स्तर के योजना प्रभारी अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के विकासखंड समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के तहत अप्रारंभ आवासों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने योजनाओं एवं कामकाज की समीक्षा करते हुए विकासखंड स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित एवं अप्रारंभ आवासों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कराया जाएए ताकि हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही प्रगतिरत आवासों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायतवार और फील्ड नोडलवार जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मनरेगा के विभिन्न कार्यों और प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। एजेंडे के अनुसार पंचायतवार श्रमिक उपलब्धता, मानव दिवस सृजन, श्रमिकों के ई.केवाईसी, एनएमएमएस उपस्थिति, जियो टैगिंग, कार्य पूर्णता, जल संरक्षण संबंधी कार्यों तथा एबीपीएस खातों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण, कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर सतत निरीक्षण करने पर भी जोर दिया गया।

---

## गांव बस्ती में गंदे पानी का बहाव, चलना हुआ दूभर



**बरमकेला।** बरमकेला ब्लॉक के ग्राम धूमाभाटा में इन दिनों सड़क पर बह रही खुली नाली ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। गांव की मुख्य सड़क सहित कई गलियों में नाली का गंदा पानी खुलेआम बह रहा है, जिससे पूरे गांव में अस्वच्छता का माहौल बन गया है। गर्मी के मौसम में जहां लोग साफ सफाई और स्वच्छ वातावरण की उम्मीद करते हैं, वहीं धूमाभाटा में हालात ऐसे हैं मानो लगातार बारिश हुई हो। सड़क पर फैले गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से गांववासी इससे जूझ रहे हैं। नालियों की उचित व्यवस्था और, निकासी व्यवस्था कमजोर होने तथा कई जगह नालियों के क्षतिग्रस्त होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है। गांव के बीचोंबीच बह रही नाली अब लोगों की दिनचर्या को प्रभावित करने लगी है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और राहगीरों को हो रही है। कई बार लोग गिरते-गिरते बचते हैं। दोपहिया वाहन चालकों को भी सड़क पर जमा पानी के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, क्योंकि बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क पर लगातार बह रहे गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है। नाली के पानी में कचरा और गंदगी जमा होने से वातावरण दूषित हो रहा है। कई घरों के सामने पानी जमा रहने के कारण लोगों को अपने घरों के बाहर बैठना तक मुश्किल हो गया है। गांव की सड़कें पानी से भरी दिखाई दे रही हैं। इससे गांव की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार पंचायत और संबंधित विभाग को समस्या की जानकारी दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई, मरम्मत और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द स्थायी समाधान किया जाए, जिससे गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को संक्रमण के खतरे से राहत मिल सके। इस संबंध में ग्राम पंचायत धूमाभाटा के सरपंच प्रमोद भट्ट ने बताया कि गांव में पानी की निस्तारी की समस्या बनी हुई है।

## टिमरलगा में भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन



**कटेली।** जनता पार्टी जिला सारंगढ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सोमवार को टिमरलगा में भव्य किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर पूरे दिन संगठनात्मक गतिविधियों एवं वैचारिक सत्रों का उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चलचित्र में दीप प्रज्वलित कर प्रदेश एवं संगठन की सुख समृद्धि तथा कार्यकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रथम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व कार्य पद्धति विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के सिद्धांतों पर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की मजबूत नींव रखी। द्वितीय सत्र में प्रदेश संगठन से हितानंद अग्रवाल ने विचार परिवार विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए संगठन की कार्यशैली, अनुशासन एवं बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। तृतीय सत्र में अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग संदीप शर्मा ने देश के समक्ष चुनोती विषय पर खुल कर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान किया।

## ईंधन बचाने ई-रिक्शा से दफ्तर पहुंचे जिला पंचायत अध्सक्ष

**कटेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ अभियान की अपील का जमीनी असर अब सारंगढ़ में भी देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री की इसी दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय वीआईपी संस्कृति और सरकारी चमचमाती गाड़ियों को दरकिनार कर ई रिक्शा में सवार होकर अपने नियमित कामकाज के लिए जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। उनकी इस सादगी और सकारात्मक कदम ने आम जनता को एक बड़ा संदेश दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने वर्तमान समय में लगातार गहराते वैश्विक ईंधन संकट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, प्रबुद्ध जनों के साथ साथ शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों से भी देशहित और पर्यावरण हित में ईंधन की बचत करने का विशेष आग्रह किया। मीडिया से चर्चा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन बचाओ अभियान सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने का मूलमंत्र है।

## सुशासन तिहार में हितग्राहियों को मिला भवन अनुज्ञा, राशन कार्ड



**सरिया।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को भवन निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा एवं राशन कार्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्याय अरुण शराप, पार्षद मोती स्वर्णकार, पिंटू मेहर, तीर्थ सिदार, राजू प्रधान, पूजा शराप, पूर्णिमा साव, शत्रुघ्न प्रधान, आशुतोष स्वर्णकार, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी सी एम ओ लाल सिंह मरकाम एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हितग्राही को स्वीकृति पत्र सौंपा गया। यह पहल शासन की जनहितकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक सरलता एवं पारदर्शिता के साथ पहुँचाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। सुशासन तिहार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें शासन की सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करना है। सुशासन हमारी पहचान समाधान हमारा संकल्प है। सहयोग हमारी ताकत, सशक्त नागरिक सशक्त सरिया हमारा संकल्प है।

## अग्रोहा धाम में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आगाज




**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण महाअभियान का मंगलवार को अग्रोहा धाम में भव्य आगाज हुआ। सत्ता नहीं, राष्ट्र-निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हुए इस वैचारिक महाकुंभ में पहले दिन सुबह से ही कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। सुबह 9 बजे से ही अग्रोहाधाम में डिजिटल पंजीयन को लेकर कार्यकताओं में गहमा गहमी नजर आई।

अतिथियों के आगमन और स्वागत के बाद स्थानीय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी प्रमुख अनुपम पाल एवं उनकी टोली ने अतिथियों को भाजपा के सफर, विचारधारा, पं. दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' से लेकर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों तक की झलक दिखाई। प्रथम सत्र पूरी तरह वैचारिक ऊर्जा से भरा रहा। दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के साथ सत्र शुरू हुआ। स्थानीय उत्सव परंपरा से स्वागत-अभिनंदन के बाद वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व और देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां' विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करने वाले प्रमुख नेताओ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा भाजपा के लिए सत्ता लक्ष्य नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के बाद अंतिम पंक्ति में खड़े लोगो के लिए सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं को पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं को सत्ता हासिल करने की रीढ़ निरूपित करते हुए उन्होंने कहा आज सामने बैठे कार्यकताओं में भविष्य के नेता भी है।

#### भाजपा के आयोजन में संगठन साहित्य की बहार

भाजपा के दो दिवसीय आयोजन में संगठन साहित्य के विक्रय हेतु विभिन्न पुस्तकें उपलब्ध थीं, जिन्हें न्यूनतम मूल्य में उपलब्ध कराया गया। इन पुस्तकों में परिवार प्रबोधन, पुण्यभूमि भारत, डॉ भीमराव अंबेडकर, विनायक दामोदर सावरकर, विभाजन विभीषिका, यशस्वी भारत, हा हम हिन्दू है, राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अंतिम यात्रा, भगवा ध्वज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन यात्रा, हिंदुत्व एक जीवन पद्धति, अमर सेनानी सावरकर, डॉ हेडगेवार परिचय एवं व्यक्तित्व शामिल थीं।

## इंद्रा पेट्रोलियम प्वाइंट में प्रशासन ने दी दबिश

**छाल।** उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ और नियमों की अनदेखी करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। छाल तहसील के ग्राम हाटी स्थित इंद्रा पेट्रोलियम प्वाइंट पर राजस्व, खाद्य और नापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। निरीक्षण के दौरान पंप में भारी अनियमितताएं पाए जाने पर अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजल टंकी के एक नोजल को सील कर दिया है।

तहसीलदार, नापतौल निरीक्षक और खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम जब जांच के लिए पहुंची तो वहां का नजारा हैरान करने वाला था। सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जाने वाले सीसी कैमरे बंद पड़े थे। इसके अलावा, पंप प्रबंधन द्वारा बिक्री से जुड़ा कोई भी रिकॉर्ड रजिस्टर संधारित नहीं किया जा रहा था और न ही मौके पर ऑनलाइन ऑटोमेशन रिकॉर्ड उपलब्ध मिला। इन गंभीर लापरवाहियों और अनियमितताओं को देखते हुए संयुक्त टीम ने सख्त रुख अपनाया। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डीजल टंकी के दो नोजल में से एक नोजल को सील कर दिया।

#### अधिकारियों ने दी चेतावनी

उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्रशासन बेहद गंभीरता से ले रहा है। नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में भी किसी प्रतिष्ठान के खिलाफ शिकायतें सही पाई जाती हैं तो इससे भी अधिक दंडात्मक और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

